जलवायु परविर्तन का सामना करने के लयि भारत का पहला राज्य ऊर्जा दक्षता तैयारी सूचकांक

चर्चा में क्यों?

जलवायु परविर्तन से संबंधति प्रतबिद्धताओं को पूरा करने के लयि ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (Bureau of Energy Efficiency -BEE) ने देश का पहला राज्य ऊर्जा दक्षता तैयारी सूचकांक (State Energy Efficiency Preparedness Index) तैयार कयि है।

प्रमुख बदिु

- यह सूचकांक देश के सभी राज्यों में ऊर्जा उत्सर्जन के प्रबंधन में होने वाली प्रगतकिो ट्रैक करने, राज्यों के बीच प्रतस्पिर्द्धा को प्रोत्साहति करने और कार्यक्रम कार्यान्वयन में सहायता प्रदान करेगा।
- ऊर्जा दक्षता सूचकांक इमारतों, उद्योग, नगर पालकिाओं, परविहन, कृषऔिर बजिली वतिरण कंपनयिों (discoms) जैसे क्षेत्रों के 63 संकेतकों पर आधारति है।
- ये संकेतक नीतऔिर वनियिमन, वत्तिपोषण तंत्र, संस्थागत क्षमता, ऊर्जा दक्षता उपायों को अपनाने और ऊर्जा बचत प्राप्त करने जैसे मानकों पर आधारति हैं।
- BEE के अनुसार, ऊर्जा दक्षता भारत को 500 बलियिन यूनटि ऊर्जा की बचत में मदद कर सकती है और 2030 तक 100 गीगावाट (GW) बजिली क्षमता की आवश्यकता को कम कर सकती है।
- इससे कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 557 मलियिन टन की कमी हो सकती है।
- इसके अन्य मापकों में वद्युित वाहनों (EVs) के माध्यम से भारत के वकिास की गतशिीलता को फरि से परभिाषति करना तथा वद्युित उपकरणों, मोटरों, कृषपिंपों तथा ट्रैक्टरों और यहाँ तक कभिवनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार लाना शामलि है।

सूचकांक का महत्त्व

- इस प्रकार का सूचकांक एक ऐसे देश के लयि बहुत अधकि महत्त्वपूर्ण है जो अमेरकिा और चीन के बाद ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा उत्सर्जक है और जलवायु परविर्तन से होने वाले परणिामों का सामना करने के लयि सबसे कमज़ोर देशों में से एक है।

उर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)

- भारत सरकार ने, ऊर्जा संरक्षण अधनियिम, 2001 के उपबंधों के अंतर्गत 1 मार्च, 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) की स्थापना की।
- ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का मशिन, ऊर्जा संरक्षण अधनियिम, 2001 के समग्र ढाँचे के अंदर स्व-वनियिम और बाजार सद्धिांतों पर महत्त्व देते हुए ऐसी नीतयिों और रणनीतयिों का वकिास करने में सहायता प्रदान करना है जनिका प्रमुख उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था में ऊर्जा की गहनता को कम करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/to-combat-climate-change-india-comes-up-with-first-state-energy-efficiency-index